संघ लोक सेवा आयोग

अनुशेष- उम्मीदवारों को नोटिस

संदर्भ: संघ लोक सेवा आयोग का विज्ञापन सं. 07/2018, प्रकाशन की तारीख 14.04.2018, रिक्ति सं. 18040705614, मद सं. 05 जिसके अंतर्गत भारतीय भूविज्ञान सर्वेक्षण, खान मंत्रालय में सहायक भूविज्ञानी के 75 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 03.05.2018 को 23.59 बजे तक थी।

आयोग ने इन पदों हेतु उम्मीदवारों को लघु सूचीबद्ध करने के लिए **दिनांक 15.12.2018 (शनिवार) (पूर्वाह्न सत्र) को पूर्वाह्न 09.30 बजे से पूर्वाह्न 11.30 बजे तक (परीक्षा केन्द्र पर उम्मीदवारों के रिपोर्ट करने का समय प्रात: 08.00 बजे है)** निम्नानुसार कम्प्यूटर आधारित भर्ती परीक्षण (सीबीआरटी) आयोजित करने का निर्णय लिया है। केवल सीबीआरटी में लघु सूचीबद्ध किए गए और पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

परीक्षा केन्द्र	**केन्द्र कोड**
भोपाल	04
कोलकाता	06
दिल्ली (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित)	08
दिसपुर (गुवाहाटी)	09
चेन्नई	12
नागपुर	13
लखनऊ	26
जम्मू	34
पोर्ट ब्लेयर	37

टिप्पणी I :- भर्ती परीक्षण संबंधी स्थल की सूचना उम्मीदवारों को यथासमय दे दी जाएगी।

टिप्पणी II:- कंप्यूटर आधारित भर्ती परीक्षण (सीबीआरटी) के आधार पर लघु सूचीबद्ध किए गए तथा साक्षात्कार में सफल उम्मीदवारों के लिए सीबीआरटी और व्यक्तित्व परीक्षण का वेटेज 75:25 होगा।

टिप्पणी III :- परीक्षण केन्द्र में परिवर्तन के संबंध में किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

I. परीक्षण की योजना :

(क) परीक्षण दो घण्टे की अवधि का होगा।

(ख) सभी प्रश्नों के अंक समान होंगे।

(ग) परीक्षण में बहुविकल्पीय प्रकार के वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।

(घ) परीक्षण केवल अंग्रेजी माध्यम में होगा।

(ङ) गलत उत्तरों के लिए ऋणात्मक अंकों का प्रावधान होगा। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए उस प्रश्न के कुल अंकों में से एक तिहाई अंक काट लिए जाएंगे। यदि प्रश्न के लिए कोई उत्तर नहीं चुना जाता है तो उस प्रश्न के लिए कोई दण्ड नहीं होगा।

(च) परीक्षण के अधिकतम अंक 300 होंगे।

II. परीक्षण का पाठ्यक्रम :

1. भूआकृतिविज्ञान
2. विवर्तनिकी एवं भूपर्पटी विकास (क्रस्टल इवॉल्यूशन)
3. खनिजविज्ञान
4. आग्नेय भू-विज्ञान (इग्नियस जिओलॉजी)
5. अवसादी भू-विज्ञान (सेडीमेंटरी जिओलॉजी)
6. कायांतरणी भू-विज्ञान(मेटामॉर्फिक जिओलॉजी)
7. संरचनात्मक भू-विज्ञान(स्ट्रक्चरल जिओलॉजी)
8. स्तरिकी(स्ट्रैटीग्राफी)
9. जीवाश्म विज्ञान(पैलियोंटोलॉजी)
10. दूरस्थ संवेदन(रिमोट सैंसिंग)
11. भू-रसायन विज्ञान (जिओकेमिस्ट्री)
12. खनिज अन्वेषण (मिनरल एक्सप्लोरेशन)
13. आर्थिक भू-विज्ञान
14. इंजीनियरी भू-विज्ञान
15. पर्यावरणीय भू-विज्ञान
16. भूकंप भू-विज्ञान एवं भूकंप-विवर्तनिकी(सीस्मोटेक्टॉनिक्स)
17. सामुद्रिक भू-विज्ञान(मरीन जिओलॉजी)
18. भू सूचना-विज्ञान(जिओइन्फॉर्मैटिक्स)